रविवार
27 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



आय से अधिक संपत्ति मामले में फंसे जिला कृषि पदाधिकारी, आवास पर विजलेंस ने की छापेमारी 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## इसरो की एक और ऊंची उड़ान...

### ओशनसैट-3 सैटेलाइट सफलतापूर्वक लांच



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने एक और ऊंची उड़ान भरी है। रविवार को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से ओशनसैट-3 सैटेलाइट को अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया। इस सैटेलाइट को ओशनसैट-2 के खराब होने के बाद लॉन्च किया गया है। ओशनसैट-2 साल 2009 में लॉन्च किया गया था। यानी ये नई सैटैलाइट अब पुरानी की जगह लेगी और तमाम तरह की जानकारियां जमीन तक पहुंचाने का काम करेगी। यह सैटेलाइट समुद्री सतह के तापमान और इसे लेकर तमाम तरह की जानकारियों को इकट्ठा करेगा। इससे प्रदूषण और हानिकारक तत्वों की जांच हो पाएगी।

### मद्य निषेध दिवस: कार्यक्रम में बोले नीतीश कुमार, पुलिस अलर्ट रहेगी तो नहीं होगी कोई गड़बड़ी

# शराब के धंधे से जुड़े लोग दूसरा काम करें मिलेगी एक लाख रुपए की मदद: सीएम

- मुख्यमंत्री ने जीविका द्वारा चूड़ी निर्माण केंद्र सबलपुर, पटना का किया उद्घाटन

पटना के डीएम-एसएसपी इस पर विशेष नजर रखें, यह ठीक हो गया तो बिहार सही हो जाएगा

शराब के असली धंधेबाजों को पकड़ें, उन पर कड़ी कार्रवाई करें शराबबंदी सख्ती से लागू कराएं

2018 की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल शराब पीने से 30 लाख लोगों की होती है मृत्यु





**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार की ओर से वर्ष 2018 में सतत जीवकोपार्जन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत शराब के धंधे से जुड़े लोगों को दूसरा धंधा शुरू करने के लिए 1 लाख रुपए तक की मदद की जा रही है। जो लोग देशी शराब, ताड़ी के धंधे में लगे थे वे लोग इसको छोड़कर गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गीपालन, शहद उत्पादन आदि छोटे व्यवसाय शुरू कर कार्य कर रहे हैं। इस योजना के तहत 1 लाख 47 हजार परिवारों ने इसका लाभ उठाया है। यह बात मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कही। वह मद्य निषेध दिवस पर शनिवार को पटना में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बापू ने कहा था कि शराब बुरी चीज है, शराब पीने वाला इंसान हैवान हो जाता है, शराब मनुष्य की बुद्धि और पैसा हर लेती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2016 में पूरी दुनिया में शराब के दुष्प्रभावों को लेकर सर्वे किया था। जिसकी रिपोर्ट वर्ष 2018 में प्रकाशित हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक एक साल में शराब पीने के कारण 30 लाख लोगों की मृत्यु होती है। दुनिया भर में जितनी मृत्यु होती है उसका 5.3 प्रतिशत मृत्यु शराब पीने के कारण होती है। 27 प्रतिशत सड़क दुर्घटना दारू पीकर गाड़ी चलाने के कारण होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में शराब की बिक्री से टैक्स के रूप में 5 हजार करोड़ रुपये की राजस्व की प्राप्ति होती थी। वर्ष 2015 में पटना के एक कार्यक्रम में जब हम भाषण समाप्त कर बैठे थे तो पीछे बैठी महिलाओं ने शराबबंदी की मांग की। हमने उसी समय कह दिया था कि अगर अगली बार चुनाव में जीत कर आए तो बिहार में शराबबंदी लागू करेंगे। शराबबंदी को लेकर अभियान चलाया गया और 1 अप्रैल 2016 से हमने बिहार में शराबबंदी लागू कर दी।

**छह बसों को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी:** इससे पहले, कार्यक्रम की शुरूआत के पूर्व मद्य निषेध के प्रचार-प्रसार अभियान को लेकर राज्य परिवहन की 6 बसों को मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने नशामुक्त बिहार को लेकर आयोजित होनेवाली पटना हाफ मैराथन को लेकर लगाई गई प्रदर्शनी देखी। मुख्यमंत्री ने शराब के दुष्परिणामों पर आधारित एक लघु फिल्म भी देखी। मुख्यमंत्री ने सभी पंचायतों को मद्य निषेध को लेकर भेजे गए संदेश का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने मोबाइल पर जनता के नाम संदेश का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने जीविका द्वारा चूड़ी निर्माण केंद्र, सबलपुर, पटना का उद्घाटन किया।

### शराब कितनी बुरी चीज है, इसको सबको समझना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में 90 प्रतिशत लोग अच्छे होते हैं, 10 प्रतिशत ही गड़बड़ करने वाले होते हैं। इन्हें ठीक करने के लिए सभी को प्रयासरत रहना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग बिहार में शराबबंदी को सख्ती से लागू करा रहे हैं। सभी पुलिसवालों ने शराबबंदी को लेकर शपथ ली है। पुलिस के लोग अलर्ट रहेंगे तो गड़बड़ी नहीं होगी। पूरे तौर पर शराबबंदी का पालन कराना जरूरी है। पटना के डीएम और एसएसपी से हम यही कहेंगे कि पटना पर विशेष नजर रखें। अगर पटना ठीक हो गया तो बिहार ठीक हो जायेगा। शराबबंदी लागू करने के कारण कुछ लोग मेरे खिलाफ हैं। शराब कितनी बुरी चीज है, इसको सबको समझना होगा। बहुत लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया है। कुछ लोग गड़बड़ करने वाले होते हैं, उन पर कार्रवाई करें। शराब के असली धंधेबाजों को पकड़ें, उन पर कड़ी कार्रवाई करें। महिलाओं से अपील है कि आपलोग इसको लेकर सजग रहें शराबबंदी के प्रति लोगों को प्रेरित करते रहें।

## बनारस में पलटी नाव, सुरक्षित निकाले गए सभी 32 यात्री

**एजेंसी/वाराणसी**

बनारस में शनिवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां गंगा नदी में 34 यात्रियों से भरी नाव पलट गई। गनीमत रही कि समय रहते सभी लोगों को नदी से बाहर निकाल लिया गया। लेकिन 2 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा शीतला घाट के सामने गंगा नदी के बीचों बीच हुआ। दरअसल, शनिवार सुबह सवा सात बजे केदार घाट से 34 यात्रियों को लेकर चली नाव शीतला घाट के सामने पहुंची थी, तभी नाव का पटरा किसी वजह से टूट गया। पटरा टूटते ही नाव नदी में डूबने लगी। यह देख नाविक ने पानी में छलाग लगी दी और यात्रियों को



अपने हाल पर छोड़ भाग गया। लोगों की चीख पुकार सुन दूसरे नाविकों और घाट पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाई और एक-एक करके सभी 34 यात्रियों का सकुशल रेस्क्यू किया। घटना में एक दंपति की हालत गंभीर बताई जा गई है, जिसमें से महिला को कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि पुरुष की गंभीर हालत देखते हुए बीएचयू रेफर कर दिया गया। सभी नाव सवार यात्री आंध्र प्रदेश के बताए जा रहे हैं।

### किसी ने नहीं पहनी थी लाइफ जैकेट

घटना के बारे में जानकारी देते हुए वाराणसी दशाश्वमेध सर्किल के एसीपी अवधेश पांडे ने बताया कि घाट से गंगा स्नान पूजन के लिए 34 आंध्र प्रदेश के तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही नाव का पटरा टूट गया था। इसके कारण नाव डूबने लगी थी। सभी को बचा लिया गया है। एक दंपति को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया था। हादसे के दौरान किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहन रखी थी। मामले की जांच की जा रही है।

## उमेश कुशवाहा ही रहेंगे जदयू के प्रदेश अध्यक्ष

**पटना।** उमेश कुशवाहा ही जदयू के प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे। शनिवार को दूसरी बार उन्हें निर्विरोध चुना गया। उमेश कुशवाहा ने शनिवार की सुबह 11 बजे प्रदेश कार्यालय में जदयू प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया था। उनके साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने जदयू के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी जनार्दन सिंह को नामांकन पत्र सौंपा। दो बजे दिन तक नामांकन करने की प्रक्रिया थी लेकिन किसी और ने नामांकन नहीं किया। उमेश कुशवाहा पिछले 22 महीने से जदयू के प्रदेश अध्यक्ष हैं। 2019 में वशिष्ठ नारायण सिंह प्रदेश अध्यक्ष चुने गए थे लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वशिष्ठ नारायण सिंह ने पद से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद उमेश कुशवाहा ने प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए थे।

### बक्सर में चल रहे सिय-पिय मिलन महोत्सव में शामिल हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक

## संपूर्ण विश्व जो चलता है, उसकी आत्मा भारत है: भागवत

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के नई बाजार स्थित श्रीसीताराम विवाह महोत्सव आश्रम में चल रहे 53वें सिय-पिय मिलन महोत्सव में शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व जो चलता है, उसकी आत्मा भारत है। भारत के रहने से विश्व रहता है। अकेला भारत ऐसा है जो कभी रास्ता नहीं छोड़ता और जो रास्ता भटक जाते हैं उनको रास्ते पर लाता है। भगवान ने भारत को यह काम दिया है। भारत इसे आदिकाल से कर रहा है। उन्होंने कहा कि आध्यात्म का जो रस है वही भगवान हैं। श्रीराम की कृपा से राम जैसे लोग भी जन्म लेते



हैं। इसलिए भारत कभी मृत नहीं हुआ। भारत अमर है। भारत को जीतने वाले भारत में आकर समाप्त हो गए। उनकी महत्वाकांक्षा समाप्त हो गई। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि बार-बार पुरुषार्थ हुआ है।

**भारत मरेगा नहीं यह केवल शरीर बदलेगा:** भागवत ने कहा कि हमारे यहां कर्म की कोई कमी नहीं है। भक्ति का प्रवाह अखंड है। ज्ञान हमारे यहां कभी कम नहीं था। यहां भक्ति का प्रवाह अखंड है जैसे गंगा बह रही है। तभी तो हम नया कर्म नया पुरुषार्थ लेकर खड़े हो जाते हैं। यह उस भक्ति का प्रताप है। ये भक्ति हमारी शक्ति बनती है। उसमें अदभुत शक्ति है। इस भक्ति को समाज में जीवित रखने का काम संतों के द्वारा होता है। सरसंघचालक ने कहा कि भारत मरेगा नहीं भारत केवल शरीर बदलेगा, विश्व पूरा बदल जाएगा।

### बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ का दर्शन-पूजन किया

इससे पूर्व मोहन भागवत ने ब्रह्मपुर में बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने शिव सरोवर पर गंगा आरती की। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को सफल करने के लिए भगवान के प्रति श्रद्धा और निष्ठा जरूरी है। पुरुषार्थ और संकल्प के प्रयास से हर प्रकार के कार्य सिद्ध होते हैं। राष्ट्र के निर्माण और पुरुषार्थ के लिए ही इस देश में ईश्वर का प्रकटीकरण हुआ है।



# राष्ट्र की एकता व अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने को ली शपथ

- संविधान दिवस के अवसर पर जिले में संकल्प व शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- डीएम ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ इसकी विचारधारा को बनाए रखने की दिलाई शपथ

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

संविधान दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जिले में संकल्प व शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया।



जिलाधिकारी रिची पांडेय संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर इसकी विचारधारा को बनाए रखने के लिए सबकी प्रतिबद्धता हेतु संकल्प दिलाया गया। जिलाधिकारी ने संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ संविधान की प्रस्तावना 'हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 इस्वी को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है।

## एसएन सिन्हा कॉलेज में 'संविधान दिवस' का आयोजन

**जहानाबाद।** स्थानीय एसएन सिन्हा कॉलेज में ह्यसंविधान दिवसह्य का आयोजन प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरूण कुमार रजक की अध्यक्षता में मनाया गया। इस दिवस को राष्ट्रीय संवैधानिक दिवस और राष्ट्रीय कानून दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। 26 नवम्बर 1949 को संविधान को अपनाया गया था और राष्ट्र को समर्पित किया गया था। इसके बाद 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया था। इसी के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को ह्यसंविधान दिवसह्य मनाया जाता है। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरूण कुमार रजक ने कहा कि इस दिवस को डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के योगदान का सम्मान करने और संविधान के महत्व को प्रसारित करने के लिए मनाया जाता है। देश के नागरीको के लिए संविधान पढ़ना-जानना जरूरी है।

## आरा में ऑटो से बैट्री व अन्य सामान चोरी करते युवक रंगेहाथ गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के अस्पताल रोड में शुक्रवार की देररात टैंपू से बैट्री समेत अन्य सामान चोरी करते एक युवक को लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी की एक बैट्री भी बरामद की गयी है। उसके बाद उसे नगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ गया युवक मठिया निवासी स्व. केदार रजक का पुत्र सन्नी कुमार है। पूछताछ में उसने चोरी करने की बात भी स्वीकार की है। इस संबंध में अस्पताल रोड निवासी उषा देवी की ओर से थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। उसमें उन्होंने कहा है कि वह महाजन टोली नंबर-1 अस्पताल रोड वार्ड नंबर-12 की निवासी है। 25 नवंबर की रात करीब तीन बजे चोरों ने उनके डाला बॉडी टेंपो से बैट्री, स्टेपनी, रिंच, बाजा, ग्लास, पीछे का ढक्कन और पीछे का सीट चुरा लिया। उसी दौरान मोहल्ले वासियों ने एक युवक को पकड़ लिया? पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह बड़ी मठिया निवासी स्व. केदार रजक का पुत्र सन्नी कुमार है।

# जमीन नहीं लिखने पर युवक को घर से बुलाकर मार दी गोली



गोली लगने की घटना के बाद आरा सदर अस्पताल में इलाजरत युवक

- चांदी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव की घटना, युवक गंभीर रूप से घायल
- परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर लगाया गोली मारने का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

जमीन के विवाद में शनिवार की सुबह जिले के चांदी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में एक युवक को गोली मार दी गयी। गोली उसके दाहिने पैर में घुटने के पास मारी गयी है, जो आरपार हो गई है। इसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक रामपुर गांव निवासी मान सिंह का 18 वर्षीय बेटा दीपक कुमार है। घटनास्थल से गोली का पिलेट भी बरामद किया गया है।

गोली मारने का आरोप गांव के अंकित कुमार नामक एक युवक पर लगाया गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित भाग निकला। दीपक के पिता मान सिंह ने बताया कि अंकित के घर के बगल में उनकी तीन कट्ठा जमीन है। अंकित उस जमीन लिखने का दीपक पर दबाव दे रहा था। उसे लेकर पंकज और को धमकी भी दी गयी थी। अंकित अक्सर कहता था कि जमीन लिख दो नहीं तो तुम्हें और तुम्हारे पिता को गोली मार दूंगा। शनिवार की सुबह उनका पुत्र दीपक शौच के लिए बधार की ओर गया था। उस दौरान अंकित उसे बुलाकर सड़क की ओर ले गया और जमीन लिखने के लिए दबाव देने लगा। दीपक ने मना किया, तो अंकित ने उसे गोली मार दी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गयी। पुलिस आरोपित की धरपकड़ को लेकर छापेमारी भी कर रही है।

## आरा-सासाराम हाईवे पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना, चार अन्य लोग घायल

# ट्रक से टक्कर के बाद पिकअप वैन उछलते हुए बोलेरो पर पलट गई, दबने से किसान की मौत

- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान किसान ने तोड़ा दम
- आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर पीरो बाजार में शुक्रवार की देर रात हुआ हादसा

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के पीरो बाजार आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर शुक्रवार की रात ट्रक से टक्कर के बाद मुर्गी लदी एक पिकअप वैन बोलेरो पर पलट गयी। उसमें दबने से तिलक समारोह से लौट रहे बोलेरो सवार एक युवा किसान की मौत हो गयी। हादसे में बोलेरो सवार चार अन्य लोग भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। चारों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और तीनों वाहनों को जब्त कर लिया। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के काउप गांव निवासी स्व. द्वारिका सिंह के 40 वर्षीय बेटे अखिलेश सिंह थे। वहीं घायलों में उसी गांव के नागेश्वर सिंह के बेटे सुशील कुमार (33 वर्षीय), सूबेदार सिंह के टे प्रेमचंद सिंह (50 वर्षीय), कामता राम के बेटे राजू लाल (40 वर्षीय) और स्व. झगरू सिंह के बेटे केशव सिंह (60 वर्षीय) शामिल हैं। किसान अखिलेश सिंह के चचेरे भाई शशिकांत सिंह ने बताया कि पड़ोसी देवनाथ सिंह की बेटी का तिलक शुक्रवार को रोहतास के दिनारा थाना क्षेत्र के महढोड़ गांव गया था। देर रात गांव के ही सात-आठ लोग बोलेरो पर सवार होकर घर लौट रहे थे। तभी पीरो बाजार स्थित मिशन और डीएवी स्कूल के बीच हादसा हो गया। उसमें उसके चचेरे भाई अखिलेश सिंह सहित पांच लोग जख्मी हो गए। उसके बाद सभी को अस्पताल ले जाया गया। आरा सदर अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा अखिलेश सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। बाद में अस्पताल पहुंची टाउन थाना की पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।





दुर्घटना में घायल लोगों का इलाज करते कर्मी व मृतक की फाइल फोटो

### ट्रक से टक्कर के बाद बोलेरो पर गिरी पिकअप वैन

शशिकांत सिंह के अनुसार तिलक चढ़ाने के बाद देर रात कुछ लोग बोलेरो से घर लौट रहे थे। उनमें अधिकतर नींद में थे। पीरो बाजार में थाने से कुछ दूर आगे भूसा लदे ट्रक और मुर्गा लदी पिकअप वैन के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप उछल कर पीछे चल रही उनके बोलेरो पर जा गिरी। उससे बोलेरो पर सवार उसके चचेरे भाई समेत पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद तत्काल सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। रास्ते में ही उसके चचेरे भाई अखिलेश सिंह ने दम तोड़ दिया। इधर, हादसे के बाद अफरातफरी और चीख-पुकार मच गयी। सूचना मिलने पर पीरो थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा तीनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

### किसान की मौत से घर में कोहराम

सड़क हादसे में तिलक से लौट रहे एक की मौत और चार लोगों के जख्मी होने की सूचना से काउप गांव में अफरातफरी मच गयी। देर रात मनहूस खबर मिलते ही गांव के काफी लोग अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। हादसे की सूचना से गांव का माहौल गमगीन हो गया। वहीं अखिलेश सिंह की उनके घर में कोहराम और रोना-धोना मच गया। बताया जाता है कि अखिलेश सिंह अपने चार भाई और तीन बहन में छठे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी सरिता देवी, पुत्री प्रियंका, सोनी और पार्वती है। पत्नी सरिता देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार दूसरा फरार

**आरा।** नवादा थाने की पुलिस शुक्रवार की शाम मौलाबाग के समीप वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंगहर गांव निवासी राजू यादव है। हालांकि उसका दूसरा साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह के अनुसार शुक्रवार को दारोगा चंदन कुमार यादव की ओर से मौलाबाग में वाहन चेकिंग के दौरान बाइक पर सवार दो युवकों को पकड़ा गया था। उनमें मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंगहर गांव निवासी विकास यादव और राजू यादव थे। जांच के दौरान बाइक पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं था। तब विकास यादव द्वारा बताया गया कि वह बगल में ही किराए के मकान में रहता हैं। उस दौरान वह कागजात लाने की बात कह चला गया।काफी देर बीत जाने के बाद विकास यादव द्वारा गाड़ी का कागजात नहीं लाया गया। तब पुलिस ने राजू यादव से विकास यादव और बाइक के संबंध में पूछताछ की । उस पर राजू यादव द्वारा बताया गया कि बाइक चोरी की है। उसके बाद पुलिस द्वारा राजू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसे लेकर दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस विकास यादव की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

# शैलेंद्र कुमार चंद्रवंशी को इंसाफ दिलाने के लिए निकाला गया आक्रोश मार्च

- अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी करने की उठी मांग

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के मखदुमपुर के ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश मार्च मखदुमपुर प्रखंड के धराउत गांव से निकाला गया और बिशुनगंज ओपी के समीप आक्रोश मार्च का समापन किया गया। बता दें कि कुछ दिन पूर्व धराउत गांव में शैलेंद्र कुमार चंद्रवंशी की अपराधियों ने घर से ले जाकर स्कूल के समीप लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। जिसमें चंद्रवंशी समाज शैलेंद्र कुमार चंद्रवंशी को इंसाफ दिलाने के लिए और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए गांव से आक्रोश मार्च निकाला। जो बिशुनगंज बाजार होता हुआ विसुनगंज ओपी पहुंचा। जहां थानाध्यक्ष रणधीर कुमार विराजी ने लोगों को शांत करवाते हुए कहा कि जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम में वरीय पदाधिकारी गंभीरता से नजर बनाए हुए हैं। दोषियों की जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी। वहीं आक्रोशित लोगों ने कहा कि यदि जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है। तो आंदोलन और तेज होगा, मौके पर दर्जनों की संख्या में ऑल इंडिया चंद्रवंशी समाज के लोग मौजूद थे।





फोटो 00 : मार्च में शामिल कार्यकर्ता

## करंट की चपेट में आने से स्कूली छात्र की मौत, घर में कोहराम

- गली में लगाए गए अर्थिंग की तार की चपेट में आने से गयी जान
- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चांदी थाना क्षेत्र के नरही गांव में शनिवार की शाम करंट की चपेट में आने से एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों में अफरातफरी मची रही। मृत छात्र नरही गांव निवासी अशोक कुमार गुप्ता का बेटे विक्की कुमार (9 वर्षीय) था। वह अपने माता-पिता का इकलौत पुत्र था। परिजनों ने बताया कि उसके पिता चांदी बाजार में ठेले पर समोसा की दुकान लगाते हैं। शनिवार की शाम विक्की दुकान से वापस घर आया और बैग लेकर ट्यूशन पढ़ने निकल गया। उस दौरान वह गली में लगे अर्थिंग की चपेट में आ गया। इससे वह झुलस गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये शव लेकर घर चले गए। इधर, बच्चे की मौत से घर में कोहराम मच गया। इकलौत पुत्र की मौत से उसके माता-पिता बेहाल थे। बेटे के वियोग में मां शांति देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।



## चाय-पान दुकानदार से मांगी रंगदारी, नहीं देने पर गोली मारने की दी धमकी

**आरा।** जिले के नगर थाना क्षेत्र के महादेवा रोड स्थित एक चाय-पान के दुकानदार से रंगदारी मांगने और नहीं देने पर धमकी दी गयी है। इसे लेकर दुकानदार के साथ मारपीट भी की गयी है। इस मामले में दुकानदार राहुल कुमार के बयान पर तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। राहुल कुमार मूल रूप से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी ढुनमुन राम का पुत्र है। वह फिलहाल महादेवा मोहल्ले में मुख्तार यादव के मकान में किराया पर रहता है। उसकी महादेवा में चाय और पान का दुकान है। प्राथमिकी में कहा गया है कि 25 नवंबर की दोपहर महादेवा निवासी प्रदीप कुमार, दिलीप बाबा एवं प्रकाश कुमार उसकी दुकान पर आए और उसे बैट से मारने लगे। इस दौरान दुकान का सारा सामान भी रोड पर फेंक दिया गया।

## व्यवसायी से रंगदारी मांगने और हत्या की धमकी देने में बेलाल का साथी गिरफ्तार

- आरा के नगर थाना क्षेत्र में 14 अक्टूबर को मांगी गई थी रंगदारी चलाई गई थी गोली

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नगर थाना की पुलिस ने शहर के एक व्यवसायी से रंगदारी मांगने और हत्या की धमकी देने के मामले में मो. बेलाल के साथी को गिरफ्तार कर लिया। वह नगर थाना क्षेत्र के तरी मोहल्ला निवासी विकास कुमार गुप्ता उर्फ विक्की है। फिलहाल वह नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोहल्ले में रहता है। उसे मो. बेलाल की निशानदेही पर शुक्रवार की रात को गिरफ्तार किया गया। कुख्यात मो.बेलाल को दो रोज पहले ही गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि 14 अक्टूबर को नगर थाना क्षेत्र के तरी मोहल्ला निवासी व्यवसायी राजू कुमार अग्रवाल से साढ़े चार लाख की रंगदारी की मांग की गयी थी। नहीं देने पर हत्या करने की धमकी भी दी गयी थी। उस दौरान व्यवसायी पर गोली भी चलायी गयी थी। लेकिन उनको गोली नहीं लगी थी। उसे लेकर व्यवसायी की ओर से अबरपुर निवासी कुख्यात मो. बेलाल और अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उस मामले में गुरुवार को बेलाल को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में उसने अपने साथी का नाम बताया था। उसके आधार पर नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने विक्की को भी गिरफ्तार कर लिया।

## 'नशा मुक्त बिहार' पर स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद, निबंध लेखन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

# नशामुक्ति दिवस पर स्कूली बच्चों ने लोगों को नशा से दूर रहने का दिया संदेश



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी निर्णय 'नशा मुक्त बिहार' नशामुक्ति दिवस के अवसर शिक्षा विभाग जहानाबाद द्वारा स्थानीय गांधी स्मारक इंटर विद्यालय जहानाबाद के प्रांगण में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पीओ मीनू कुमारी ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। जिसमें मुख्य रूप से तीन प्रतियोगिता वाद-विवाद, निबंध लेखन एवं क्विज का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में वर्ग छह से आठ में मध्य विद्यालय सबदलपुर मखदुमपुर के छात्र अमित कुमार नशामुक्ति बिषय के पक्ष में प्रथम एवं विपक्ष में आदर्श रा.म. बौरी हुलासगंज की छात्रा सुप्रीया कुमारी ने प्राप्त स्थान प्राप्त किया। वहीं, वर्ग नौवीं से 12वीं तक मे गांधी स्मारक इंटर विद्यालय जहानाबाद प्रखंड की छात्रा लाली कुमारी ने वाद-विवाद मे नशामुक्ति के पक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विपक्ष में महंथ केशव दास उच्च वि. भारूथू की छात्रा सुरुचि कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल की। निबंध प्रतियोगिता में वर्ग छह से आठ में आदर्श रा मध्य विद्यालय उंटा जहानाबाद की छात्रा अर्चना कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वर्ग नौवीं से 12वीं में महंथ केशव दास उच्च माध्यमिक विद्यालय भारथू प्रखंड, घोषी के छात्र प्रिंस राज ने प्रथम स्थान हासिल किया।

क्विज प्रतियोगिता में वर्ग छह से आठ में आदर्श रा. मध्य विद्यालय शकुराबाद की छात्रा आंचल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वर्ग नौवीं से 12वीं में इंटर विद्यालय हुलासगंज के कन्हैया ने प्रथम स्थान हासिल किया। मौके पर डीपीओ शाकेत कुमार रंजन ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए शिक्षा विभाग अनवरत प्रयासरत है। मौके पर वीएसएस मीडिया प्रभारी धनंजय कुमार, समग्र शिक्षा कर्मी मृत्युजय कुमार, बसारत अली, उमेश कुमार मुज्जफर हुसैन, शिक्षक श्रीकांत शर्मा, डॉ. अजय कुमार, गणित कुमार इत्यादि लोग शामिल थे।

## लंबित मांगों को लेकर किसानों ने जिलाधिकारी के समक्ष दिया धरना

**जहानाबाद।** जिले की अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के आह्वान पर शनिवार को किसान आंदोलन की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर किसानों के लंबित मांगों को पूरा करने हेतु मांग दिवस के रूप में जिलाधिकारी के समक्ष धरना देकर किसानों ने मनाया। धरना की अध्यक्षता गिरजानंदन सिंह ने किया। समिति के संयोजक नरेंद्र शर्मा ने धरना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि केंद्र सरकार किसानों के फसल का लाभकारी मूल्य देने के लिए एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों की फसलों की खरीद के गारंटी के लिए कानून बनाने का वादा किया था।

## खबरें फटाफट

### सेंट्रल जेल में बंद सजायाफ्ता कैदी की मौत, जेल प्रशासन ने की पुष्टि

**बक्सर।** बक्सर सेंट्रल जेल में हत्या के मामले में बंद सजायाफ्ता कैदी की मौत हो गई है। उसकी मौत शुक्रवार की शाम बक्सर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हुई है। डाक्टरों ने बताया कि उसे हार्ट अटैक आया था। मृतक कैदी भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के तिवारी डीह गांव का महेन्द्र तिवारी उम्र 74 वर्ष था। उस पर पीरो थाने में वर्ष 2002 हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। कांड संख्या 95/2002 में आरोप तय होने के बाद आरा व्यवहार न्यायालय द्वारा उन्हें 24 जुलाई 2019 को आजीवन कारावास की सजा सुनाया गया था। पिछले सप्ताह 17 नवंबर को ही वे मंडल कारा से स्थानांतरित होकर बक्सर सेंट्रल जेल में आए थे। जेल अधीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि गुरुवार को तबीयत खराब होने पर जेल के डॉक्टर द्वारा उन्हें सदर अस्पताल में रेफर किया गया था। लेकिन इलाज के दौरान ही शुक्रवार की शाम उनका निधन हो गया। उन्होंने बताया कि डाक्टरों ने हार्ट अटैक से मौत होने की बात कही है। कैदी की मौत की खबर मिलते ही सेंट्रल जेल के कैदियों में शोक की लहर दौड़ गई। वही पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### फटे पाइप से बर्बाद हो रहा है पेयजल

**कृष्णाब्रह्म।** प्रखंड क्षेत्र के छतनवार गांव में जलापूर्ति पाइप फटने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी नालियों में बह कर बर्बाद हो रही है। बावजूद भी जिम्मेदार लोग अंजान बने हुए है। गांव में पानी की साफ व समुचित व्यवस्था के लिए करीब 3 वर्ष पूर्व नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण करने के साथ जलापूर्ति के लिए भूमिगत पाइप लाइन बिछाई गई थी। शुरूआती दिनों में टंकी संचालित होने के बाद सभी लोगों के घरों में नल जल योजना का शुद्ध पेयजल सप्लाई हो रहा था। लेकिन काफी समय से छतनवार गांव के वार्ड नंबर 10 में पाइप लाइन में लीकेज होने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी नालियों में बह कर बर्बाद हो रहा है। जिसके साथ पानी का प्रेसर कम होने से कुछ घरों को पानी का एक बूंद भी नसीब नहीं हो रहा है। ग्रामीण संजय साह ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से रोज हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। जिससे पानी का प्रेसर कम होने से गांव के कुछ घरों तक पानी की सप्लाई नहीं हो पाती है। अगर पाइप लीकेज को ठीक करा दिया जाएगा तो गांव के सभी घरों में पानी का सप्लाई होने लगेगा।

# प्रशासनिक लापरवाही से चल रहा खेल... कम तौल से ग्राहक हलाल, व्यवसायी मालामाल

- गोला बाजार के साथ ही इलाके के बाजार में वजन का है घालमेल



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बाजार का लोकप्रिय स्लोगन है कि दाम वही वजन सही। इसके विपरीत स्थानीय बाजार में दाम तो वही है, लेकिन वजन सही नहीं है। जब ग्राहक बाजार में उन सामानों की खरीद करते हैं, जो तौल के भाव से मिलता है। तो इसकी कोई गारंटी नहीं की ग्राहक जो सामान जितनी तौल में खरीदा हो, उसका वजन सही मिला है। बोरे में सील बंद सामानों की वजन की स्थिति तो और अधिक खराब है। यह स्थिति डुमरांव के गोला बाजार के साथ ही नया भोजपुर, पुराना भोजपुर, कृष्णाब्रह्म, सिमरी, नियाजीपुर, ब्रह्मपुर, कोरानसराय, नावानगर आदि जैसे छोटे बड़े सभी बाजारों की स्थिति एक समान है। खासकर चोकर, आटा, मैदा, बेसन, चीनी, चूड़ा, गुड़, मुढ़ी, चावल, दाल, चना आदि जैसे उन सामानों के वजन में घालमेल होता है। जो बोरा में वजन के हिसाब से पैसा आता है। ऐसा नहीं की वजन का गोरखधंधा कंपनी से होता है। स्थानीय व्यवसाई कंपनी के सिल को तोड़कर सामान का कुछ मात्रा खुला में निकाल लेते है। फिर अपने मशीन से बोरा की सिलाई कर देते है। 50 किलो के जगह पर वह सामान 46 से 47 किलो वजन में आ जाता है। जबकि व्यवसाई पूरे 50 किलो का कीमत वसूल कर ग्राहक को हलाल करता है। ऐसे सामानों के वजन का अगर ग्राहक ने दबाव बनाया तो गोला बाजार में वजन का चार्ज ग्राहक से अलग से वसूल किया जाता है। फिर तुर्रा यह की गड़बड़ी ऊपर से ही होकर आई है।

कम वजन के सहारे ग्राहकों को लूटने की परंपरा बहुत पुरानी है। प्रशासनिक स्तर पर उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए कभी कोई कारगर पहल नहीं किया गया। यही कारण है कि दुकानदार ग्राहकों के लूटने के इस हथकंडे को और मजबूती से अजमा रहे है। माप तौल विभाग स्थानीय बाजार में कभी दस्तक नहीं देता। इससे व्यवसायी निश्चिंत होकर अपने काले कारनामे को अंजाम देते है। ग्राहक को कम वजन के सामान का पूरा कीमत देकर हलाल होने से बचने का मौका नहीं मिलता है। वर्तमान समय लग्न का है। इन दिनों में खाद्य पदार्थ और थोक सामानों की बिक्री काफी बढ़ जाती है। व्यवसायी कम तौल के सहारे इसका भरपूर फायदा उठाने को तैयार बैठे है। थोक मंडी के पालदारों का भी कहना है कि व्यवसायी बंद बोरे का सिल तोड़ कर सामान चुराते है और फिर कम वजन का पैकिंग करा कर गोदाम रख देते है। बताया जाता है अगर प्रशासन द्वारा गोदामों में छापेमारी कर सामानों के वजन कराया जाए तो इनकी कलई खुलते देर नहीं लगेगी। जानकारों की मानें तो सरकार का माप तौल विभाग इन व्यवसायियों के हाथ का खिलौना बनकर रह गया है।

### कम माप के लिए बदनाम है राजगोला का सब्जी मंडी

डुमरांव में न सिर्फ खाद्य पदार्थों और पैकेट बंद सामानों की माप तौल ही गड़बड़ रहती है। बल्कि हरी सब्जियों के कम तौल की शिकायतें भी अक्सर उपभोक्ताओं द्वारा की जाती है। खासकर डुमरांव के राजगोला का सब्जी मंडी कम तौल के लिए पूरे शहर में कुख्यात है। कम तौल के सहारे ग्राहकों को ठगने की जानकारी नहीं है। माप तौल विभाग को ऐसे दुकानदारों के यहां छापेमारी करने को कहा जाएगा। स्वयं भी इस विषय पर संज्ञान लिया जाएगा।

**- कुमार पंकज, एसडीओ, डुमरांव**

## सुबह से पूरे दिन विजिलेंस की सात सदस्यीय टीम कर रही थी छापेमारी

# आय से अधिक संपत्ति मामले में फंसे जिला कृषि पदाधिकारी, आवास पर विजलेंस ने की छापेमारी

- जमीन के कई प्लाट, आभूषण, फिक्स डिपाजिट आदि के मिले सबूत

**केटी न्यूज/बक्सर**

आय से अधिक संपत्ति के मामले में निगरानी अन्वेषण ब्यूरों पटना की टीम ने बक्सर के जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार के आवास पर छापेमारी की है। छापेमारी की कार्रवाई शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुई जो पूरे दिन चली। मिली जानकारी के अनुसार विजलेंस के डीएसपी खुर्शीद आलम के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम द्वारा छापेमारी की जा रही है। इस दौरान बक्सर स्थित आवास के साथ ही हाजीपुर स्थित इनके घर की तलाशी भी लिए जाने की जानकारी मिली है। अबतक जो जानकारी मिली है उसके अनुसार छापेमारी में उनके पास बिहार के अलग-अलग जगहों के जमीन के कई कागजात के अलावे मुंबई में भी फ्लैट मिलने की जानकारी मिली है।

इसके अलावे लाखों रुपए मूल्य के सोने के आभूषण तथा फिक्स डिपाजिट की जानकारी भी निगरानी टीम को मिली है।

डीएसपी खुर्शीद ने बताया कि डीएओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया था। जिसमें न्यायालय से वारंट मिलने के बाद इनके आवास पर छापेमारी किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी कार्रवाई चल रही है। गौरतलब है कि इसके पहले भी बक्सर के पिछले दो तीन जिला कृषि पदाधिकारियों पर निगरानी तथा अन्य विभागों से कार्रवाई की गाज गिरी है। एक पूर्व जिला कृषि पदाधिकारी को तो घूस लेते निगरानी विभाग ने रंगेहाथ पकड़ा भी था। ऐसे में मनोज कुमार के आवास पर छापेमारी के बाद अब इस बात की चर्चा भी तेज हो गई है कि जिला कृषि पदाधिकारी का पद मलाईदार हो गया है तथा कृषि विभाग की योजनाओं में कमीशन का खेल चरम पर है।

जानकारों की मानें तो इस कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने में खाद, बीज आदि मामलों के अलावे कई अन्य योजनाओं में भी भारी पैमाने पर कमीशन लिया जाता है। बहरहाल निगरानी की कार्रवाई शुरू होने के बाद कई अन्य पदाधिकारियों में भी पूरे दिन हड़कंप मचा रहा। हालांकि इस संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने खुद को बेकसूर बताते हुए कहा कि उनपर जो आरोप लगे है वह निराधार है। फिलहाल वे जांच टीम को सहयोग कर रहे है।



जिला कृषि पदाधिकारी के घर छापेमारी करती विजलेंस की टीम

# हम शपथ लेते हैं कि नशा नहीं करेंगे, दूसरों को करने से रोकेंगे



**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार को डीएम अमन समीर की अध्यक्षता में मद्य निषेध दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां मुख्यमंत्री के नशा मुक्ति संबंधित संबोधन का ज्ञान भवन पटना से लाइव टेलीकास्ट सुना गया। इस दौरान डीडीसी डा महेन्द्र पाल, भूमि सुधार उप समाहर्ता डुमरांव, वरीय उप समाहर्ता बक्सर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी बक्सर, जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर, अधीक्षक उत्पाद मद्य निषेध, संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण तथा कर्मियों के साथ विभिन्न प्रखंडों से आई हुई जीविका दीदी उपस्थित थे। लाइव टेलीकास्ट सुनने के बाद डीएम के नेतृत्व में नशामुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए सभी ने शपथ ली कि वे न तो खुद नशा करेंगे और नशा पान करने वाले की जानकारी प्रशासन को मुहैया कराएंगे तथा ऐसा करने वालों को इससे होने वाले नुकसान को बता उन्हें नशा पान से परहेज के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। नशा मुक्ति दिवस के अवसर विभिन्न विभागों के द्वारा भी अपनी सहभागिता दिखाई गई। बक्सर के किला मैदान से सुबह आठ बजे उप विकास आयुक्त बक्सर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बक्सर एवं उत्पाद अधीक्षक मद्य निषेध के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी प्रारंभ किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से आए हुए विद्यार्थियों ने भाग लिया। जो किला मैदान से प्रारंभ होकर उच्च विद्यालय बक्सर, रामरेखा घाट, पीपी रोड, ठठेरी बाजार बक्सर, सब्जी मंडी एवं पुलिस चौकी होते हुए किला मैदान में समाप्त हुआ।

## वैदिक काल से ही भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था विद्यमान थी : डॉ. सिंह



संगोष्ठी में भाग लेते प्रोफेसर व छात्र

**केटी न्यूज/बक्सर**

संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को डीके कॉलेज एनएसएस इकाई द्वारा भारत लोकतंत्र की जननी विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा अरविंद कुमार सिंह ने व मंच संचालन एवं विषय प्रवेश का कार्यक्रम पदाधिकारी डा रमेन्द्र कुमार सिंह ने निभाया। डॉ. सिंह ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था प्राचीन काल से विद्यमान थी। ऋग्वेद, अथर्ववेद एवं बौद्धकालीन साहित्यों में इसकी विस्तृत जानकारी मिलती है। अथर्ववेद में सभा एवं समिति को प्रजापति की दो बेटियां बताया गया है। जो यह इंगित करता है कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें प्राचीन काल से ही गहरी हो चुकीं थीं। छात्रों को संबोधित करते हुए डा उषा रानी ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस विषय पर अखिलेश्वर ने प्राचीन शासन प्रणाली की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रकाश डाला तथा सभा, समिति और नरिष्ठा आदि का जिक्र किया तथा तत्कालीन गणतंत्रों में अपनाई जाने वाली शासन व्यवस्था को लोकतंत्र का प्राचीनतम साक्ष्य के रूप में उद्धृत किया। डॉ. रमेश यादव, डॉ. बीरेंद्र प्रसाद आदि ने प्राचीन गणतांत्रिक व्यवस्था एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रकाश डाला। मौके पर आकांक्षा राय, राहिला महमूद, नदीम अंसारी, अभिषेक सिंह, मनीष मिश्र, निखिल, निधि कुमारी आदि ने भी अपना विचार व्यक्त किए।

# प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में मनाया गया संविधान दिवस

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में शनिवार को धूमधाम से संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में निबंध और भाषण प्रतियोगिता के अलावे पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लिखने के साथ खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान लाने वाले छात्रों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा पुरस्कृत किया गया।

साथ ही छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय प्रतीकों और संविधान के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों को एवं छात्र छात्राओं ने संविधान के रचनाकार डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित किए और संविधान के प्रस्तावना पढ़ी। वहीं, मध्य विद्यालय केसठ के प्रधानाध्यापक मुकेश यादव ने संविधान का विस्तृत वर्णन करते हुए संविधान को अन्य धार्मिक पुस्तकों से सर्वश्रेष्ठ पवित्र पुस्तक का दर्जा दिया। जबकि कन्या प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अलाउद्दीन अंसारी और मनोज कुमार ने मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्य का पालन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मध्य विद्यालय केसठ के शिक्षकों ने विद्यालय के प्रांगण में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान विद्यालय के प्रांगण में लगे घास, पुआल, कचरे के ढेर आदि की सफाई की गई। मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय बारी, मुन्ना कुमार, राजू पांडेय, अजय कुमार, अंजली कुमारी, अंशिका कुमारी, रागनी, प्रियंका, पम्मी सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



संविधान दिवस पर रंगोली बनाती छात्राएं

## एक नजर

### परिवार नियोजन के लिए इच्छुक दंपतियों के पास बास्केट ऑफ चॉइस जैसे विकल्प मौजूद



**डुमरांव।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित सभागार में शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरबी प्रसाद की अध्यक्षता में जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने हेतु सभी आशा फैसिलिटेटर के साथ आशा कार्यकताओं की बैठक की गई। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि मिशन परिवार विकास अभियान के तहत 14 नवंबर से लेकर 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित है। पहले चरण में 14 नवंबर से 20 नवंबर तक आशा के द्वारा अपने क्षेत्रों में दंपति संपर्क पखवारा मनाया गया और दंपति सर्वे के बाद 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा की सेवाएं दी जा रही है। परिवार नियोजन के लिए इच्छुक दंपतियों के पास बास्केट ऑफ चॉइस जैसे विकल्प मौजूद है, इसमें विभिन्न प्रकार के गर्भ निरोधक साधन होते हैं। जिसकी सहायता से एक दंपति अपनी सुविधा अनुसार गर्भनिरोधक के विकल्प का चयन कर सकती है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सभी आशा कार्यकर्ताओं से बताया कि 26 नवंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरांव परिसर में परिवार नियोजन मेला सह परिवार नियोजन उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित किया जाएगा। जिसमें आशा कार्यकर्ता एवं विकास मित्र, महिला पर्यवेक्षिका, जीविका दीदी उपस्थित रहेंगी। बैठक में बीसीएम मो. तसलीम, पीएचसी प्रबंधक अफरोज आलम, निर्मल कुमार सहित आशा फैसिलिटेटर रीना देवी, अंजू देवी, मुनैना देवी, अनीता देवी, उर्मिला देवी एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित थी।

### जीविका दीदियों ने दिया संदेश... भारत की संस्कृति बचाओ, अब तो नशे पर रोक लगाओ

**केसठ।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में शनिवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत जीविका दीदियों द्वारा मद्य निषेध जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली का नेतृत्व जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक विवेक कुमार व सामुदायिक समन्वयक रंजीत कुमार सिंह ने किया। रैली रामपुर पंचायत के कुलमनपुर गांव व केसठ पंचायत के महादलित बस्ती में निकाला गया। इस मौके पर नशे को छोड़ो, रिश्ते जोड़ो, दिल पर नशे यह भारी है, सबसे बड़ी बीमारी है, भारत की संस्कृति बचाओ, अब तो नशे पर रोक लगाओ सहित अन्य नशा मुक्ति से संबंधित नारे लगाए जा रहे थे। जीविका दीदियों द्वारा घर की महिलाओं को नशा पान के नुकसान तथा नशा मुक्ति के घाटे व फायदे को बताया गया। प्रखंड के मध्य विद्यालय केसठ, कन्या प्राथमिक विद्यालय, उर्दू मध्य विद्यालय, रघुनाथपुर उच्च विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों में बच्चों द्वारा नशा मुक्ति अभियान को ले प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने नशा मुक्ति को ले शपथ लिया। जबकि उच्च विद्यालय रघुनाथपुर और उच्च विद्यालय केसठ के प्रधानाध्यापको ने बच्चों को मद्य निषेध के बारे में बताते हुए कहा कि शराब के सेवन से आर्थिक एवं शारीरिक क्षति होती है। इस दौरान बच्चों द्वारा नशा मुक्त बिहार को लेकर गांव के विभिन्न गली मोहल्ले में प्रभातफेरी के मध्यम से लोगों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। मौके पर लालबाबु , सुनील , सतेंद्र, मुकेश , संतोष, पंकज सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# आधुनिक तरीके से खेती करने पर अधिक उपज कर सकते हैं किसान

- चौपाल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को दी गई रबी फसलों से संबंधित जानकारी
- केसठ व रामपुर पंचायतों में आयोजित हुआ था कृषि चौपाल

**केटी न्यूज/केसठ**

स्थानीय प्रखंड के दो पंचायतों में शनिवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें रामपुर पंचायत के बैजनाथपुर गांव में तथा केसठ पंचायत के धेनुआडीह गांव में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) बक्सर के सौजन्य से किसानों को जागरूक करने तथा कृषि विभाग की योजनाओं और रबी फसलों की बुआई तथा बेहतर उत्पादन के तरीकों के बारे में जानकारी दिया गया। मौके पर आत्मा के उप परियोजना निदेशक बेबी कुमारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजू लता, प्रखंड कृषि समन्वयक हरीश चंद्र पासवान, प्रभारी बीटीएम डॉ. प्रफुल्ल कुमार, लेखापाल प्रफुल्ल कुमार, किसान सलाहकार अमरेंद्र प्रसाद, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

इस दौरान खेतों में पराली नहीं जलाने और रबी फसल की बुआई की जागरूकता को लेकर किसानों के बीच नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से महिला एवं पुरुष किसानों को कम लागत में ज्यादा उपज करने के आधुनिक तरीके बताए गए।



### पराली प्रबंधन का भी किया गया प्रदर्शन

कृषि विभाग एवं आत्मा से संबंधित कई लाभकारी योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया। कम लागत में कैसे बुआई कर ज्यादा उपज करें इसकी भी जानकारी दी गई। साथ ही, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पराली प्रबंधन का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान यह भी बताया गया कि खेतों में पराली जलाने से क्या नुकसान होता है। जिसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। बताया गया कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है। जिससे ऊपज अच्छी नहीं हो पाती है।

### पराली जलाने से धीरे धीरे बंजर हो जाती है मिट्टी

आत्मा के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि पराली जलाने से मिट्टी धीरे धीरे बंजर हो जाती है। वहीं, इससे पर्यावरण प्रदूषण का खतरा भी बढ़ रहा है। चौपाल में किसानों को पराली को जलाने के बदले इसे बेचकर आर्थिक लाभ कमाने के लिए प्रेरित किया गया। इस तरह से किसानों को कृषि से संबंधित कई तरह की महत्वपूर्ण जानकारियां की गई। ताकि, कृषि के बारे में किसान पूर्ण रूप से जानकार हो सके। मौके पर कार्यक्रम में किसानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## शहर छोटी खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**बलिया।** सहतवार रेलवे स्टेशन के पश्चिम आउटर सिग्नल के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की शिनाख्त सहतवार कस्बे के वार्ड नंबर चार निवासी कलावती देवी (45) पत्नी हीरा चौहान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कलावती देवी किसी काम से रेलवे स्टेशन की तरफ गई थी। इसी बीच, रेलवे लाइन पार करते समय वह ट्रेन? की जद में आ गयी। इससे कलावती की ऑन द स्पॉट मौत हो गयी। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया। मृतका की शिनाख्त कराने की कोशिश में जुटी पुलिस को ग्रामीणों ने लाश की शिनाख्त कलावती पत्नी हीरा के रूप में किया। सूचना पर कलावती के परिजन भी पहुंच गये। उनका रोते-रोते बुरा हाल था। पुलिस ने शव को अन्त्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### सतीशचंद्र कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बलिया।** शिक्षा के मंदिर को अपवित्र करते हुए एसोसिएट प्रोफेसर ने बौखलाकर छात्र को धमकाने के चक्कर में एडीएम व कोतवाल को ही गाली देने लगे। घटनाक्रम कैमरे में कैद होने के बाद तेजी से वायरल हो गया। पुलिस ने भी तत्परता दिखाते हुए गुरूजी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक शिक्षक की ऐसी हरक्कत की लोग निंदा कर रहे हैं। बताया जाता है कि सतीशचंद्र कालेज के छात्र ने अवैध फीस वसूली को लेकर कालेज परिसर में हंगामा शुरू कर दिए। इसबीच कुछ छात्र ने उच्चाधिकारी एडीएम व कोतवाली में फोन कर मौके पर पहुंचने आग्रह किया। इस पर एसोसिएट प्रोफेसर मिस्टर पांडेय जी ने बौखलाकर एडीएम व कोतवाल को ही गाली बक दिए।

### दो बाइकों की टक्कर में चार गम्भीर

**बलिया।** सुरेमनपुर रानीगंज बैरिया मार्ग पर मधुबनी पेट्रोल पंप के सामने दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में चार लोग गम्भीर रुप से घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बता दें कि गुमानी के डेरा निवासी संजय कुमार यादव (20) व गोपाल नगर निवासी

# दबे-कुचले वर्गों को हमेशा न्याय दिलाने का कार्य करते हैं अधिवक्ता

- मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने उपस्थित अधिवक्ताओं को संविधान की शपथ दिलाई

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



अधिवक्ता परिषद कांशी प्रांत जनपद इकाई द्वारा जिला पंचायत सभागार में शनिवार को संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता व डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से माल्यापर्ण कर पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने उपस्थित अधिवक्ताओं को संविधान की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्य वक्ता डा. व्यासमुनि राय ने भारतीय संविधान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान के निमार्ता अम्बेडकर शुरू से ही इस बात के पक्षधर थे की आरक्षण लागू न किया जाए। उन्होंने कहा कि अनेक देशों के संविधान का अध्ययन कर भारत देश का संविधान तैयार किया गया तथा समय काल परिस्थिति के अनुसार इसमें सैकड़ों संशोधन भी हो चुके है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारी हिंदी भाषा आज भी राज्य की ही भाषा है, जबकि इसे राष्ट्र की भाषा बनाये जाने की आवश्यकता है। संविधान दिवस केवल संस्कृति एवं सभ्यता मनाने के लिए नहीं है, बल्कि लोगों को जोड़ने के लिए मनाया जाता है। समाज का प्रबुद्ध वर्ग अधिवक्ता अपने इमान को बनाये रखे, क्योंकि समाज के दबे-कुचले वर्गों को न्याय दिलाने का कार्य यही वर्ग करता है। हमारा संविधान अनेकता में एकता तथा सदैव विश्व पटल पर राष्ट्र के मान को बढ़ाने के लिए जाना जाता है।

विशिष्ट अतिथि तहसीलदर सदर ने कहा कि डा. अम्बेडकर के बनाये संविधान में भारत एक राज्य के रूप में चित्रित किया गया है। भारत का संविधान ऐसा है, जहा पर महिला सर्वोच्च पद को प्राप्त करती है, जबकि लोकतंत्र का दावा करने वाले अमेरिका व तमाम विकसित देशों में ऐसा नहीं है। आज की परिस्थितियों में यह तथ्य बार-बार उभरकर सामने आ रहा है कि गरीबों को न्याय नहीं मिल पा रहा है, जबकि डा. भीमराव अम्बेडकर गरीबों व निर्बलों को न्याय दिलाने के पक्षधर रहे हैं। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि अधिकार के साथ कतर्व्य का वर्णन संविधान में किया गया है, लेकिन आज हर व्यक्ति अपने अधिकार की मांग करता है, कतर्व्यों पर चर्चा नहीं करना चाहता है। संविधान निर्माण की परिकल्पना तभी पूर्ण होगी, जब लोग अपने कतर्व्यों का पालन पहले करें और अधिकार की चर्चा बाद में करें।

अधिवक्ता सुरेश कुमार सिंह सह व रतन श्रीवास्तव ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला शक्ति के रूप में विभा राय, रीना चौधरी, रीता त्रिपाठी, क्षमा त्रिपाठी, शिवकुमार बिंद, धनश्याम दास, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अखिलेश सिंह, अजय शंकर तिवारी, शिवमूरत पाल, समीर वत्स, राजेश यादव, सूर्यप्रकाश यादव, समीर वत्स, विप्लव रावत, प्रदीप रावत, सूर्यप्रकाश यादव, निशांत सिंह, सदानंद दास, अभय तिवारी, राजेश पांडेय, जयप्रकाश राय, रामकुमार राय, राजेश सिंह यादव, चन्द्र मोहन सिंह, राजेश पांडेय, संजय कन्नोजिया, दूधनाथ सिंह यादव, अनूप वर्मा, अजय आनंद, शिवांक राय, संतोष कुमार, दिनेश राय सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कृपाशंकर राय तथा संचालन महामंत्री जयप्रकाश सिंह ने किया। अंत में परिषद के अध्यक्ष कृपाशंकर राय ने अतिथियो तथा उपस्थित अधिवक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा किया।

### निकाय चुनाव को लेकर दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास

# मॉकड्रिल में हवाई फायरिंग, दागे आंसू गैस के गोले, एसपी ने 112 का रिस्पांस टाइम जाना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली गई तथा इसके बाद परेड का निरीक्षण किया गया। एसपी ने विभिन्न थानों से आई हुई पुलिस की गाड़ियों का निरीक्षण कर उनमें रखे गए सुरक्षा संबंधी उपकरणों को देखा तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डॉयल 112 की गाड़ियों का निरीक्षण कर गाड़ियों का रिस्पांस टाइम जाना।

इसके बाद पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया गया। मॉकड्रिल के बाद एसपी द्वारा पुलिसकर्मियों को दंगा तथा दंगा नियंत्रण ड्रिल के बारे मे विस्तार से बताया गया तथा पुलिस कर्मियों से किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए खुद को हमेशा तैयार रखने के लिए निर्देशित किया गया।

अभ्यास के दौरान टीम को दो हिस्सों में बांटा गया। एक टीम को पुलिस पर हमला करने की जिम्मेदारी दी गई और दूसरी टीम को बचाव की जिम्मेदारी दी गई ताकि यह जाना जा सके कि वे कितने सतर्क हैं।

इस मॉक ड्रिल में हवाई फायरिंग, आंसू गैस के गोले छोड़ना और लाठियां भांजकर और पानी की बौछार कर भीड़ को तितर-बितर करने का अभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस लाइन परिसर में गोलियों की आवाज गूंज उठी।

### शादी समारोह में युवकों ने की फायरिंग, गोली लगने से युवक जख्मी

**गाजीपुर।** मामला शादियाबाद थाना क्षेत्र के बरहट गांव का है। जहां बीती रात शादी समारोह में पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ युवकों ने एक युवक फायर झोंक दिया। गोली सिर को छुते हुए निकल गई। घायल ने अस्पताल में मरहम-पट्टी कराया। पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। क्षेत्र के सुजनीपुर निवासी बृजेश सिंह का पुत्र शिखर सिंह (20) शुक्रवार की रात बरहट गांव में एक शादी समारोह में गया था। बताया कि इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ युवको ने उस पर फायर कर दिया। वह बचने के लिए घर मे भागा तो वहां भी पहुच कर मनबढो ने फायर किया। गोली सिर को छूते हुए निकल गई। युवक ने भागकर महिलाओं के बीच जाकर अपनी जान बचाई। इस घटना से वहां अफरा-तफरी मच गई। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। घायल युवक ने अस्पताल में मरहम-पट्टी कराई।

## एक नजर

### मंडलायुक्त ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



**बलिया।** विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान श्री मनीष चौहान, मा0 आयुक्त महोदय, आजमगढ़ मंडल आजमगढ़ व रोल ऑब्जर्वर ने 26 नवंबर को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें मतदाता सूची में 18-19 वर्ष आयु के युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने तथा मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से विलोपित किये जाने के संबं में चर्चा की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के अतिरिक्त सभी तहसील के उप जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### अन्तर्महाविद्यालयीय जूडो प्रतियोगिता विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग



**गाजीपुर।** पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर्महाविद्यालयीय जूडो प्रतियोगिता 2022-23 के तहत शुक्रवार को स्वमी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 45 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। टीम चैंपियनशिप का खिताब पीजी कॉलेज गाजीपुर तथा उपविजेता किताब डीएवी कालेज आजमगढ़ ने जीता। प्रतियोगिता संपन्न कराने के लिए श्रीलाल कुमार, एनआईएस जूडो कोच सिगरा स्टेडियम अपनी पूरी सहायक टीम के साथ मौजूद थे। प्रतियोगिता का उद्घाटन स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वीके राय ने किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी अध्यापक कर्मचारीगण सभी ने खुलकर सहयोग किया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव श्री रामधारी राम, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष तथा खेल प्रशिक्षक संजय राय ने उपस्थित शिक्षकगण तथा प्रतिभागी छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. विलोक सिंह, सन्ने सिंह, नितिन राय, सुजीत कुमार, गायत्री सिंह, निवेदिता सिंह, राकेश पांडेय, सतीश राय आदि उपस्थित थे।

### भाई की हत्या के मामले में आजीवन कारावास

**गाजीपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या तीन संजय कुमार यादव प्रथम की अदालत ने शुक्रवार को कोतवाली थाने के हत्या के मामले में भाई के हत्यारे को आजीवन कारावास और कुल 55000 अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के चौकिया निवासी शाहिदा खातून पत्नी आसिफ खान ने 27 जुलाई 2014 को थाने में तहरीर दिया था कि 25 जुलाई 2014 को शाम 6:00 बजे जब उसके पति आसिफ खान दरवाजे पर थे। उसी वक्त जमीन संबंधी विवाद को लेकर सगा भाई अंसार खान पुत्र हनीफ खान जान से मारने की नियत से चाकू से मारने लगा। अपने पति की चीख पुकार सुनकर वह दौड़ती हुई आई, तो देखी कि उसके पति के सगे भाई उसे चाकू से मार रहे हैं। उसने बचाने के लिए शोर किया, सोर पर बहुत से लोग आ गए। लोगों को आता देख वह घर में घुस गया, फिर फरार हो गया। वह अपने पति को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां से डॉकरों ने उसके पति को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया इलाज के दौरान 26 जुलाई को उसके पति आसिफ खान की मृत्यु हो गई। उधर तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ। अभियुक्त के पास से चाकू बरामद हुआ। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता जयप्रकाश सिंह ने कुल नौ गवाहों को पेश किया। गवाहों ने घटना का समर्थन किया। अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की तर्कों को सुनने के बाद अभियुक्त को हत्या के लिए तथा आयुध अधिनियम के अंतर्गत दोषी पाते हुए उपरोक्त को सजा सुनाई गई। अदालत ने अर्थदंड की राशि से 75% राशि मृतक की पत्नी साजिदा को देने का आदेश दिया है।

### खुली बैठक में पोषाहार वितरण की हुई जांच दर्जनों महिलाओं ने दर्ज कराए बयान

**बलिया।** शुक्रवार की दोपहर को सैदपुर नगर के वार्ड संख्या 10 स्थित एक स्कूल परिसर में पात्रों को पोषाहार वितरण की जांच हेतु खुली बैठक का आयोजन किया गया। जहां डीएम के आदेश पर पहुंचे जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने दर्जनों शिकायतकर्ता महिलाओं का बयान दर्ज किया। इसके बाद आंगनबाड़ी की सुपरवाइजर द्वारा महिलाओं को पोषाहार वितरण हेतु पात्रता आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। गौरतलब है कि सैदपुर तहसील सभागार में बीते शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया था। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी आर्यका अखौरी कर रही थी। जिसमें सैदपुर नगर के वार्ड संख्या 10 निवासी लगभग दो दर्जन महिलाओं ने जिला अधिकारी को पत्र देकर वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकत्री बेबी श्रीवास्तव पर पोषाहार वितरण नहीं करने का आरोप लगाया।

## जिला स्तरीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी समारोह पर शुक्रवार को जिला स्तरीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन व पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि सर्वदेव सिंह यादव (सेवानि क्रीड़ा अधिकारी) के द्वारा किया गया। मौके पर ग्यासूद्दीन अहमद, सचिव हॉकी, पारसनाथ सिंह, सचिव बॉलीवाल, विनोद राय, विजय, दिनेष यादव, मोईन खान, सुदामा राम, क. सहायक, जैनेन्द्र कुमार एवं समस्त स्टाप उपस्थित रहें। अन्त में अरविन्द यादव क्रीड़ा अधिकारी ने मुख्य अतिथि एवं सभी आगन्तुओं व खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मैच संचालन नफीस अहमद पूर्व हॉकी कोच गाजीपुर, बृजेष यादव, अजय गुप्ता, रविषंकर गुप्ता, मो0 इलियास, राजन और आरजू द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता का फाईनल मैंच करमपुर बनाम स्टेडियम के बीच खेला गया, दोनो टीमो मे कांटे की टक्कर रही और मैच बराबरी पर छूटा।

## पूरा देश कह रहा ओवैसी साहब देश के सबसे अच्छे लीडर : शमीम खान

**केटी न्यूज/बलिया**



ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन, बलिया के फेफना विधानसभा में सैकड़ों की तादाद में प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान की मौजूदगी में लोगों ने एआईएमआईएम पार्टी का झंडा थाम लिया। शामिल हुए लोगों को प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान, जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम द्वारा सभी लोगों का माल्यार्पण कर पार्टी का झंडा उनके हाथों में दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि देश में हमारे हालात तब बदलेंगे। जब हम अपना तरीका बदलेंगे, हमने अपना वजूद नहीं बनाया है। इसलिए गुलामी हमारी मुकद्दर बन गई, आपके पास अपनी पार्टी अपना झंडा अपना लीडर है, तब गुलामी क्यों, बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी भारत के सबसे अच्छे लीडर यह मैं नहीं पूरा देश कह रहा है। जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान ने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें अपने अधिकारों के लिए खुद लड़ना होगा, सियासत में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी लेनी होगी।

# संविधान में दिए गए आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत : जिला न्यायाधीश

- दीवानी न्यायालय में हुआ संविधान दिवस का आयोजन
- अधिवक्ताओं व कर्मचारियों को संविधान में वर्णित मूल कर्तव्यों की दिलायी गई शपथ

**केटी न्यूज/बलिया**



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस क्रम में संविधान की प्रस्तावना का पाठन एवं मूल कर्तव्यों की शपथ वाचन जनपद न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार पांडेय के कर कमलों द्वारा दीप प्रवज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर मल्यार्पण करके किया गया। जिसका संचालन न्यायाधीश सर्वेश कुमार मिश्र ने किया। उक्त कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने दीवानी न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण को भारत की संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं भारतीय संविधान में वर्णित मूल कर्तव्यों की शपथ दिलायी। न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने सभी को संविधान दिवस की बधाई देते हुये। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। इसमें सभी के मौलिक अधिकार, कर्तव्य, धर्म उपासना की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आदि प्रावधानों को समाहित किया गया है। सभी को संविधान में दिए गए आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। इस दौरान बार के एडीजे हुसैन अहमद अंसारी, अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद विनय कुमार सिंह, न्यायाधीश/सचिव सर्वेश कुमार मिश्र, आदि लोगों ने संविधान दिवस पर अपने विचारों को व्यक्त किया।

### चिकित्सकों व कर्मियों को पढ़कर सुनाई गई संविधान की प्रस्तावना

**बलिया।** संविधान दिवस के अवसर जिला अस्पताल के सीएमएस कक्ष में समस्त चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सुनाई गई तथा सीएमएस डॉ. दिवाकर सिंह ने उपस्थिति सभी चिकित्सकों और सीएमएस स्टाफ को संविधान की रक्षा और उसका अक्षरशः पालन करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर डॉ. आरएन उपाध्याय, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. संतोष चौधरी, डॉ. झा, डॉ. आषुतोष उपाध्याय, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. रितेश सोनी, डॉ. एके उपाध्याय आदि के इलावा वरिष्ठ सहायक श्रीवास्तव, दुर्गेश राय सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।